कोरोना ने समझाया परिवार का महत्व

सर पदमपत सिंहानिया स्कूल ने आयोजित किया ऑनलाइन हिंदी डिबेट कॉम्पटीशन

KANPUR (30 May): कोरोना वायरस के चलते लगाए गए लॉकडाउन ने लोगों को अपने घरों पर रहने को मजबूर कर दिया. लेकिन, इस दौरान अच्छी बात ये रही कि लोगों ने अपने परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताया. ऐसे में हम परिवार के और करीब आए या फिर घर में रहने से कुछ दूरी भी बढ़ी. इन्हीं सवालों पर अपने-अपने तर्क के साथ सर पदमपत सिंघानिया स्कूल में ऑनलाइन डिबेट आयोजित की गई. जिसमें छात्रों ने अपने-अपने विचार रखे. प्रतियोगिता का विषय था 'कोरोना काल ने हमें परिवार का महत्व बताया है'. मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार मिश्र मौजूद रहे. जूरी में डीएवी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर यतींद्र सिंह और डीजे आईनेक्स्ट से विशेष शुक्ल रहे. कॉम्पटीशन की विनर सना मल्होत्रा चुनी गई. पार्थ्वी चौहान और लवण्या मल्होत्रा दूसरे स्थान पर रहीं. सम्मन निगम को सांत्वना पुरस्कार मिला.